Serving Education for Last 40 Years

NEERAJ®

# M.C.O. -7

# वित्तीय प्रबंध

## ( Financial Management )

**Chapter Wise Reference Book**
**Including Many Solved Sample Papers**

*Based on*

# I.G.N.O.U.

**& Various Central, State & Other Open Universities**

By: *Ved Prakash Sharma*

**NEERAJ PUBLICATIONS**
*(Publishers of Educational Books)*

Mob.: 8510009872, 8510009878 E-mail: info@neerajbooks.com
Website: www.neerajbooks.com

MRP ₹ 350/-

Published by:

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Mob.: 8510009872, 8510009878

E-mail : info@neerajbooks.com     Website : www.neerajbooks.com

**© Copyright Reserved with the Publisher only.**

***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only***

Typesetting by: Competent Computers, Printed at: Novelty Printing Press

*Disclaimer/T&C*

1. *For the best & up-to-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board/University.*
3. *These books are prepared by the author for the help, guidance and reference of the student to get an idea of how he/she can study easily in a short time duration. Content matter & Sample answers given in this Book may be Seen as the Guide/Reference Material only. Neither the publisher nor the author or seller will be responsible for any damage or loss due to any mistake, error or discrepancy as we do not claim the Accuracy of these Solutions/Answers. Any Omission or Error is highly regretted though every care has been taken while preparing, printing, composing and proofreading of these Books. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading, etc., are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. Any mistake, error or discrepancy noted may be brought to the publishers notice which shall be taken care of in the next edition and thereafter as a good gesture by our company he/she would be provided the rectified Book free of cost. Please consult your Teacher/Tutor or refer to the prescribed & recommended study material of the university/board/institute/ Govt. of India Publication or notification if you have any doubts or confusions regarding any information, data, concept, results, etc. before you appear in the exam or Prepare your Assignments before submitting to the University/Board/Institute.*
4. *Neither the Publisher nor the Author have any Intention to Disrespect any Caste , Religion, Gender or Section of the Society but still if any Reader or Student by any Chance find any kind of Inappropriate Content , Matter or Point Printed in this book which He / She feels may be Inappropriate or Disrespectful to any Caste, Religion, Gender or Section of the Society, then He / She is Requested to Please bring it to the Knowledge of the Publisher and that Content / Matter / Point shall be Checked & Rectified in the Coming Edition. As Our company always feels that all the People in our Society are Equal and all the Caste, Religion, Gender or Section of the Society should be given full Respect.*
5. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
6. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
7. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book on any Website, Web Portals, any Social Media Platforms – Youtube, Facebook, Twitter, Instagram, Telegram, LinkedIn etc. and also on any Online Shopping Sites, like – Amazon, Flipkart, e-Bay, Snapdeal, Meesho, Kindle, etc., is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity of any NEERAJ BOOK in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book format by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
8. *The User agrees Not to reproduce, duplicate, copy, sell, resell or exploit for any commercial purposes, any portion of these Books without the written permission of the publisher. This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publisher.*
9. *All material prewritten or custom written is intended for the sole purpose of research and exemplary purposes only. We encourage you to use our material as a research and study aid only. Plagiarism is a crime, and we condone such behaviour. Please use our material responsibly.*
10. *All matters, terms & disputes are subject to Delhi Jurisdiction only.*

## Get books by Post & Pay Cash on Delivery :

If you want to Buy NEERAJ BOOKS by post then please order your complete requirement at our Website www.neerajbooks.com where you can select your Required NEERAJ BOOKS after seeing the Details of the Course, Subject, Printed Price & the Cover-pages (Title) of NEERAJ BOOKS.

While placing your Order at our Website www.neerajbooks.com You may also avail the "Special Discount Schemes" being offered at our Official website www.neerajbooks.com.

No need to pay in advance as you may pay "Cash on Delivery" (All The Payment including the Price of the Book & the Postal Charges, etc.) are to be Paid to the Delivery Person at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us. We usually dispatch the books Nearly within 2-3 days after we receive your order and it takes Nearly 3-4 days in the postal service to reach your Destination (In total it take nearly 6-7 days).

<u>Content</u>

# वित्तीय प्रबंध

## ( Financial Management )


Question Paper—June-2024 (Solved) ........ 1-2

Question Paper—December-2023 (Solved) ........ 1-2

Question Paper—June-2023 (Solved) ........ 1-3

Question Paper—December-2022 (Solved) ........ 1-2

Question Paper—Exam Held in March-2022 (Solved) ........ 1-3

Question Paper—Exam Held in August-2021 (Solved) ........ 1-3

Question Paper—Exam Held in February-2021 (Solved) ........ 1-2

Question Paper—December, 2019 (Solved) ........ 1-3

Question Paper—June, 2019 (Solved) ........ 1-2

Question Paper—December, 2018 (Solved) ........ 1-3

Question Paper—June, 2018 (Solved) ........ 1-2

Question Paper—December, 2017 (Solved) ........ 1-3

Question Paper—June, 2017 (Solved) ........ 1-2


| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|

**वित्त का आधार ( Foundation of Finance )**


1. वित्तीय प्रबन्ध : एक सिंहावलोकन ( Financial Management: An Overview ) ........ 1

2. मुद्रा का समय मूल्य ( Time Value of Money ) ........ 8

3. प्रतिभूतियों का मूल्यांकन ( Valuation of Securities ) ........ 14

4. जोखिम एवं प्रत्याय ( Risk and Return ) ........ 22


**निवेश निर्णय ( Investment Decisions )**


5. पूंजी की लागत ( Cost of Capital ) ........ 34

6. पूंजी बजटिंग–I ( Capital Budgeting–I ) ........ 46

7. पूंजी बजटिंग–II ( Capital Budgeting–II ) ........ 58

**दीर्घावधि वित्तीयन ( Long-term Financing )**

8. दीर्घावधि वित्त के स्रोत ( Sources of Long-term Finance ) ........ 71

9. पूंजी बाजार ( Capital Market ) ........ 84

10. पट्टा वित्तीयन ( Lease Financing ) ........ 96

11. परियोजना वित्तीयन ( Project Financing ) ........ 105

12. अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय वित्त ( International Business Finance ) ........ 113

**वित्तीयन एवं लाभांश निर्णय ( financing and dividend decisions )**

13. लीवरेज : परिचालन, वित्तीय एवं कुल ........ 124
( Leverage: Operating, Financial and Total )

14. पूंजी संरचना निर्णय ( Capital Structure Decision ) ........ 133

15. लाभांश नीति निर्णय ( Dividend Policy Decisions ) ........ 142

**कार्यशील पूंजी प्रबंध (Management of Working Capital)**

16. कार्यशील पूंजी ( Working Capital ) ........ 151

17. रोकड़ प्रबंध ( Cash Management ) ........ 166

18. स्टॉक प्रबंध ( Inventory Management ) ........ 174

19. प्राप्य प्रबंध ( Receivables Management ) ........ 181

■ ■

# Sample Preview of the Solved Sample Question Papers

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS

www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

***June – 2024***

*(Solved)*

## वित्तीय प्रबंध

**( Financial Management )**

**M.C.O.-7**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक* ***समान*** *हैं।*

**प्रश्न 1. ( क ) वित्तीय प्रबंध क्या है? निवेश, वित्तीयन तथा लाभांश निर्णयों के बीच परस्पर संबंधों की जाँच कीजिए।**

**उत्तर–**वित्तीय प्रबंध का अभिप्राय कोष की व्यवस्था करना है। इसे कॉरपोरेट वित्त के नाम से भी जाना जाता है। वित्तीय निर्णय व्यावसायिक फर्म की प्रगति में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। किसी भी कम्पनी का विकास उसकी वित्तीय नीतियों पर निर्भर करता है। इस विषय में कोई भी गलत फैसला कम्पनी की शोधन क्षमता को क्षति पहुंचा सकता है।

**इसे भी देखें–संदर्भ–**अध्याय-1, पृष्ठ-1, 'वित्त कार्य की प्रकृति'

**( ख ) मुद्रा का समय मूल्य क्या होता है? वित्तीय निर्णयों में मुद्रा के समय मूल्य की क्या उपयुक्तता है?**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें–अध्याय-2, पृष्ठ-13, प्रश्न 1

**इसे भी देखें–**ऐसा माना जाता है कि रुपये का भविष्य के बजाय वर्तमान में ज्यादा महत्त्व है। मुद्रा के समय मूल्य के प्रश्न को हल करना तथा मुद्रा कब कितनी मात्रा में प्रयोग में लायी जाए, इस प्रकार के अनेक सवालों का हमें दैनिक जीवन में सामना करना पड़ता है। मुद्रा का समय-मूल्य हमें वित्त के संबंध में 90 प्रतिशत जानकारी उपलब्ध कराता है। निवेश संबंधी निर्णयों में अलग-अलग समयों पर होने वाले रोकड़ प्रवाह सम्मिलित हैं। अतः मुद्रा के समय-मूल्य के संबंध में सूचना प्राप्त होना अत्यंत जरूरी है।

**प्रश्न 2. इक्विटी शेयरों के मूल्यांकन के लिए उपयोग की जाने वाली विभिन्न अवधारणाओं (approaches) का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें–अध्याय-3, पृष्ठ-16, 'इक्विटी शेयरों का मूल्यांकन'

**प्रश्न 3. ( क ) पूँजी की लागत का अर्थ, महत्त्व व इसके विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें–अध्याय-5, पृष्ठ-34, 'परिचय', अर्थ तथा महत्त्व', पृष्ठ-35, 'पूंजी की लागत का वर्गीकरण'

**( ख ) पूँजी की लागत एक निवेश पर न्यूनतम स्वीकार की जाने वाली दर क्यों है?**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें–अध्याय-5, पृष्ठ-42, प्रश्न 1

**प्रश्न 4. ( क ) विभिन्न प्रकार की पूंजी बजटिंग परियोजनाएं कौन-सी हैं? प्रत्येक परियोजना के विशेष लक्षणों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें–अध्याय-6, पृष्ठ-48, 'पूंजी बजटिंग निर्णयों की प्रकृति तथा प्रकार'

**( ख ) एक फर्म जिसकी पूंजी की लागत 10% है वह दो परस्पर व्यावर्तक (mutually exclusive) परियोजनाएँ X और Y पर विचार कर रही है। विवरण इस प्रकार हैं–**

| लागत | वर्ष | परियोजना X (₹) | परियोजना Y (₹) |
|---|---|---|---|
| रोकड़ अंतर्वाह | 0 | 70,000 | 70,000 |
| | 1 | 10,000 | 50,000 |
| | 2 | 20,000 | 40,000 |
| | 3 | 30,000 | 20,000 |
| | 4 | 45,000 | 10,000 |
| | 5 | 60,000 | 10,000 |

**निवल वर्तमान मूल्य 10% कटौती दर पर दोनों परियोजनाओं को ज्ञात कीजिए।**

**( एक रुपये का वर्तमान मूल्य 10% पर 1 वर्ष से 5 वर्ष तक क्रमशः इस प्रकार है–0.909, 0.826, 0.751, 0,683 और 0.621 )**

**उत्तर**–Rank analysis @10% p.a. discounting rate

| | Project B | | | Project C | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Year** | **Cash flow** | **Discount factor** | **Present Value** | **Cash flow** | **Discount factor** | **Present Value** |
| 0 | 70,000 | 1.000 | 70,000 | 70,000 | 1.000 | 70,000 |
| 1 | 10,000 | 0.909 | 9,090 | 50,000 | 0.909 | 45,450 |
| 2 | 20,000 | 0.826 | 16,520 | 40,000 | 0.826 | 33,040 |
| 3 | 30,000 | 0.751 | 22,530 | 20,000 | 0.751 | 15,020 |
| 4 | 45,000 | 0.683 | 30,735 | 10,000 | 0.683 | 6,830 |
| 5 | 60,000 | 0.621 | 37,260 | 10,000 | 0.621 | 6,210 |
| | | NPV = 1,86,135 | | | NPV = 1,76,550 | |
| **Rank** | | **1** | | | **2** | |

**प्रश्न 5. दीर्घावधि वित्त के विभिन्न स्रोत कौन-कौन से हैं और वे किन उपयोगों में लगाए जाते हैं? वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें–अध्याय-8, पृष्ठ-71, 'परिचय', 'प्रतिधारित आय', पृष्ठ-72, 'इक्विटी पूंजी', पृष्ठ-73, 'पूर्वाधिकार पूंजी', पृष्ठ-75, 'डिबैचर/बॉण्ड', पृष्ठ-77, 'सावधि ऋण', पृष्ठ-78, 'जोखिम पूंजी'

**प्रश्न 6. (क) परियोजना वित्तीयन क्या है? परियोजना वित्तीयन के विभिन्न समझौतों (arrangements) का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें–अध्याय-11, पृष्ठ-105, 'परियोजना वित्तीयन क्या है?', पृष्ठ-107, 'परियोजना वित्तीयन समझौते'

**(ख) स्टॉक एक्सचेंज पूंजी बाजार का एक महत्त्वपूर्ण संस्थान क्यों है? चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें–अध्याय-9, पृष्ठ-92, प्रश्न 4

**प्रश्न 7. दो कम्पनियों के आँकड़े नीचे दिए गए हैं–**

| विवरण | A लि. | B लि. |
|---|---|---|
| **विक्रय** | **₹ 4,00,000** | **₹ 3,50,000** |
| **परिवर्तन लागत** | **विक्रय का 40%** | **विक्रय का 40%** |
| **स्थायी लागत** | **₹ 25,000** | **₹ 30,000** |
| **ब्याज** | **₹ 1,40,000** | **₹ 80,000** |

**दोनों कम्पनियों के परिचालन लीवरेज तथा वित्तीयन लीवरेज ज्ञात कीजिए।**

**उत्तर**–

| **Company** | **A Ltd.** | **B Ltd.** |
|---|---|---|
| Sales | 4,00,000 | 3,50,000 |
| Variable Costs @40% | 1,60,000 | 1,40,000 |
| Contribution | 2,40,000 | 2,10,000 |
| Fixed Costs | 25,000 | 30,000 |
| EBIT | 2,15,000 | 1,80,000 |

| **Company** | **A Ltd.** | **B Ltd.** |
|---|---|---|
| Interest | 1,40,000 | 80,000 |
| EBT | 75,000 | 1,00,000 |
| Financal Leverage<br>EBIT<br>EBT | 2.87 | 1.800 |
| Operating Leverage =<br>Conrtibution | 2,40,000 | 2,10,000 |
| Conribution –<br>Fixed costs | (2,40,000 –<br>25,000) | (2,10,000 –<br>30,000) |
| Operating Leverage = | 1.12 | 1.17 |

**प्रश्न 8. (क) मोदीग्लियानी तथा मिलर के पूंजी संरचना संबंधित प्रस्ताव-I की व्याख्या कीजिए तथा वर्तमान जगत् में इसकी उपयोगिता का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें–अध्याय-14, पृष्ठ-140, प्रश्न 5

**(ख) स्टॉक प्रबंध की विभिन्न तकनीकों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें–अध्याय-18, पृष्ठ-175, 'स्टॉक प्रबंध की तकनीकें'

**प्रश्न 9. निम्नलिखित में किन्हीं दो पर विस्तारपूर्वक टिप्पणियाँ लिखिए–**

**(क) रोकड़ रखने के अभिप्रेरक**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें–अध्याय-17, पृष्ठ-166, 'रोकड़ रखने के अभिप्रेरक'

**(ख) प्रतिभूतिकरण**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें–अध्याय-19, पृष्ठ-184, 'प्रतिभूतिकरण'

**(ग) लाभांश नीति**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें–अध्याय-15, पृष्ठ-143, 'लाभांश नीति'

**(घ) पट्टा वित्तीयन**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें–अध्याय-10, पृष्ठ-96, 'पट्टा वित्तीयन की संकल्पना'

■■

# Sample Preview
# of
# The Chapter

*Published by:*

NEERAJ
PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# वित्तीय प्रबन्ध
# ( Financial Management )

## वित्त का आधार
## ( Foundation of Finance )

## वित्तीय प्रबन्ध : एक सिंहावलोकन
## ( Financial Management: An Overview )

1

### परिचय

वित्तीय प्रबंध का अभिप्राय कोष की व्यवस्था करना है। इसे कॉरपोरेट वित्त के नाम से भी जाना जाता है। वित्तीय निर्णय व्यावसायिक फर्म की प्रगति में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। किसी भी कम्पनी का विकास उसकी वित्तीय नीतियों पर निर्भर करता है। इस विषय में कोई भी गलत फैसला कम्पनी की शोधन क्षमता को क्षति पहुंचा सकता है।

इस अध्याय के अंतर्गत वित्तीय प्रबंध का अर्थ, प्रकृति तथा वित्त-कार्यों का संगठन, वित्तीय प्रबंधक के प्रमुख कार्य, वित्तीय प्रबंध के उद्देश्य एवं जोखिम प्रत्याय व्यवहार, समंजन तथा वित्तीय प्रबंधक के सामने उपस्थित चुनौतियों आदि की चर्चा की गई है।

### अध्याय का विहंगावलोकन

**वित्त कार्य की प्रकृति**
**(Nature of Finance Function)**

**अर्थ**

ऐसी मान्यता है कि वित्त व्यवसाय का रक्त होता है। मुद्रा-मुद्रा को पैदा करती है। मुद्रा के विषय में प्रसिद्ध कहावतें हैं, जो यह बताती हैं कि वित्त हर मनुष्य के लिए जरूरी है। एक बेहतर व्यवसाय प्रबंध वित्त के प्रभावपूर्ण प्रयोग से प्रत्यक्ष संबंध रखता है। वित्तीय प्रबंध का संबंध व्यवसाय की वित्तीय गतिविधियों की योजनाओं, संगठन, निर्देशन तथा नियंत्रण से होता है। किसी भी कम्पनी को निम्नलिखित फैसले लेने पड़ सकते हैं

1. कम्पनी अपने व्यापार की व्याख्या, योजना तथा नियंत्रण कैसे करेगी?
2. वित्त किन साधनों से प्राप्त किया जायेगा?
3. प्रत्येक साधन से कितना वित्त एकत्रित किया जायेगा?
4. कम्पनी का विस्तार कैसा हो ताकि यह तीव्रता से प्रगति कर सके?
5. इन साधनों का कहां निवेश किया जायेगा तथा कम्पनी की परिसम्पत्तियों का मिश्रण कैसा होगा?

वित्तीय प्रबंध को कॉरपोरेट वित्त के नाम से भी जाना जाता है। वित्तीय प्रबंध को इस तरह से परिभाषित किया जा सकता है "वित्तीय प्रबंध का संबंध प्रमुख आर्थिक साधनों, जैसे पूंजीगत वित्त के कुशल उपयोग से होता है। यह वित्त के उपयोग तथा समायोजन में आने वाली कठिनाइयों का अध्ययन है।"

**प्रकृति**

इजरा सोलोमन (Ezra Solomon) के अनुसार, "वित्तीय प्रबंध का प्रमुख कार्य वित्तों का नए एवं प्रचलित उपयोगों में सहमति एवं पुनर्सहमति के फैसले का पुनरावलोकन तथा नियंत्रण करना है।" वित्तीय प्रबंध में वित्त की उपलब्धता के अलावा उत्पादन, विपणन एवं अन्य कार्यों से संबंधित एक कम्पनी के बारे में फैसले लिए जाते हैं तथा परिसंपत्तियों के अधिग्रहण या पुनर्भरण के बारे में भी फैसले लिए जाते हैं। इस प्रकार इसके अंतर्गत कम्पनी द्वारा निवेश निर्णय तथा वित्तीयन निर्णय जैसे दो प्रमुख फैसले लिए जाते हैं।

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

**1. निवेश निर्णय** कम्पनी में उपलब्ध कोषों का किसी भी प्रोजेक्ट में निवेश किया जा सकता है। वित्तीय प्रबंध रूपरेखा प्रदान करता है कि किस कुशलता से इन कोषों का निवेश करना है। निवेश संबंधी निर्णय हैं

1. कार्यशील पूंजी का प्रबंध,
2. विलय, पुनर्गठन तथा विनिवेश का प्रबंध,
3. प्रतिभूति संबंधी प्रबंध तथा पोर्टफोलियो प्रबंध,
4. पूंजी बजटिंग संबंधी निर्णय,
5. क्रय या पट्टे संबंधी निर्णय।

निवेश संबंधी समस्याओं में फर्म में प्राथमिक रूप से स्थायी परिसंपत्तियों में निवेश करना तथा चालू परिसम्पत्तियों का प्रबंध करना आदि सम्मिलित हैं।

**2. वित्तीयन निर्णय** वित्तीयन फैसले प्रमुख रूप से कोष के साधनों के संबंध में जानकारी प्राप्त करने, वित्तीय मिश्रण संबंधी फैसले लेने, कोषों का निवेश करने तथा कोषों को एकत्रित करने से संबंधित होते हैं। वित्त प्राप्त करने के प्रमुख रूप से दो साधन होते हैं। मालिकों का कोष तथा उधारीकृत कोष। वित्तीयन निर्णयों को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक हैं कोष की लागत, ऋण-पूंजी के मिश्रण संबंधी निर्णय, करों का प्रभाव, ब्याज दर, वित्तीय दबाव एवं नियंत्रण, मूल्यह्रास, मुद्रास्फीति आदि। दीर्घकालीन कोष और अल्पकालीन कोष तथा स्वामित्व एवं ऋण कोषों में संतुलन करना जरूरी होता है। आमतौर पर कम्पनी में घरेलू तथा बाहरी दोनों कोषों का उपयोग किया जाता है। इन साधनों से विभिन्न संयोगों में नियोजन करने की पद्धति को वित्तीय उत्तोलक (Financial Leverage) कहा जाता है।

**लाभांश संबंधी निर्णय**

लाभांश का निर्णय वित्तीयन निर्णय का एक प्रमुख भाग है। यह निर्णय लाभों के पुनर्निवेश तथा लाभांश वितरण से संबंधित है। प्रतिधारित आय (Retained Earnings) कोष एकत्रित करने का स्रोत है। लाभांश तथा प्रतिधारक आय का शेयर के बाजार मूल्य तथा कम्पनी की भावी आय पर प्रभाव, व्यवसाय के भावी प्रसार हेतु कोषों की जरूरत, देश की कानून-व्यवस्था, नकद-प्रवाह की स्थिति, भावी मुद्रा प्रसार अथवा मुद्रा-संकुचन की अवस्था आदि ऐसे कारक लाभांश संबंधी फैसले को प्रभावित करते हैं। लाभांश का वितरण नकद या बोनस शेयर के रूप में भी किया जा सकता है।

## वित्तीय प्रबंध का विकास

### (Evolution of Financial Management)

वित्त प्रबंध को 1990 से लेखाशास्त्र से अलग मान लिया गया है। उद्योगों की प्रकृति तथा प्रौद्योगिकी उपलब्धियों में लगातार होने वाली वृद्धि एवं नए उद्योगों के गठन के कारण उद्योगपतियों को वित्त संबंधी अनेक कठिनाइयों के विषय में फैसला लेना पड़ रहा है। वित्त संबंधी अध्ययन में निवेश, मुद्रा की तरलता एवं कम्पनी में वित्त प्रणाली आदि तथ्यों पर प्रमुख रूप से ध्यान दिया जाने लगा है। उद्योगों को 1930 की महामंदी में स्वयं का अस्तित्व बनाए रखने, कम्पनी में कोष की तरलता, पुनर्निर्माण हेतु कोष प्रणाली संबंधी भारी मुसीबतों को झेलना पड़ा था। कारोबारों में वित्त का अभाव था, जो कम्पनियां उधार देने को तैयार थीं, वे ऊंची ब्याज दरों पर उधार दे रही थीं। ऐसी स्थिति में वित्त प्रबंधक की यह जिम्मेदारी थी कि वह यह तय करे कि कम्पनी में उपलब्ध कोषों का समुचित उपयोग हो, अनुचित विस्तार को रोका जाए तथा नियमित उपभोक्ताओं के विश्वास को बनाए रखा जाए। कम्प्यूटर की सहायता से वित्तीय साधनों का बेहतर एवं विश्लेषणात्मक उपयोग संभव हो रहा था। वित्तीय प्रबंध सभी तरह के व्यावसायिक क्रियाकलापों के संचालन में प्रमुख भूमिका निभाता है। चाहे वह संगठन लाभ प्रदान करने वाली संस्था हो या गैर-लाभ प्रदान करने वाले संगठन। एक व्यावसायिक संस्थान की निरंतरता एवं विकास सशक्त व सुदृढ़ वित्तीय प्रबंध पर ही आधारित होता है।

## वित्तीय प्रबंधक के मुख्य कार्य

### (Key Activities of Financial Manager)

व्यावसायिक कम्पनी में वित्तीय प्रबंधक की प्रमुख भूमिका होती है। वह कम्पनी के प्रबंधकीय समूह का सक्रिय सदस्य होता है। दिन-प्रतिदिन उसकी भूमिका व्यापक, गहन तथा ज्यादा प्रमुख होती जा रही है। वित्तीय प्रबंधक का प्रमुख कार्य प्रतिवेदन तैयार करना तथा जरूरत के समय अनेक साधनों से वित्त प्राप्त करना एवं लेखे रखना ही नहीं है, अपितु उसके कार्य और भी ज्यादा व्यापक हो गए हैं। वर्तमान समय में व्यवसाय में वित्तीय प्रबंधक की भूमिका परिवर्तित हो गई है। उससे यह अपेक्षा की जाती है कि उनका अधिकाधिक उपयोग तय करे। उसे यह भी तय करना होता है कि कम्पनी में उपलब्ध कोषों का समुचित उपयोग किया जाए। उसके द्वारा लिए गए फैसले दूरगामी परिणाम उत्पन्न करने वाले हैं, क्योंकि उनसे कम्पनी की जोखिम, लाभदायकता, लागत तथा उत्तरजीविता प्रभावित होती है। वित्तीय प्रबंधक को कम्पनी के कोषों का समुचित उपयोग संभव बनाने के लिए यह देखना होता है कि कहां कोष लगाना है तथा कहां उनका उचित उपयोग नहीं हो रहा है। वित्तीय प्रबंधक के प्रमुख कार्य हैं

1. निवेश संबंधी निर्णय लेना,
2. संगठन के अनेक विभागों में जरूरत के आधार पर कोष उपलब्ध कराना,
3. जरूरत के अनुसार कोषों का अनुमान लगाना,
4. लाभांश संबंधी निर्णय लेना,
5. स्टॉक एक्सचेंज के संपर्क में रहना,

www.neerajbooks.com



6. पूंजी संरचना के संबंध में फैसले लेना,
7. वित्तीय विषयों पर बैंकों, वित्तीय संस्थाओं तथा जमाकर्त्ताओं से वार्तालाप करना,
8. निवेश पर प्रत्याय दर के आधार पर वित्तीय निष्पादन का मूल्यांकन करना आदि।

वित्तीय प्रबंधक कम्पनी के साधनों का कुशल उपयोग करने में प्रमुख भूमिका निभाता है। वित्तीय प्रबंधक के अधिकार तथा उत्तरदायित्व संस्थान की जरूरत के अनुसार होते हैं।

## वित्तीय प्रबंध के लक्ष्य

### (Goals of Financial Management)

बेहतर लक्ष्य वह होता है, जो स्पष्ट, समय से अनुमानित तथा एकरूप होता है। एक कम्पनी के अनेक लक्ष्य होते हैं; जैसे विक्रय करने का लक्ष्य, उत्पादन का लक्ष्य तथा वित्तीय प्रबंधन का लक्ष्य। वित्तीय प्रबंधक का प्रमुख लक्ष्य, कम्पनी का अन्तिम लक्ष्य प्राप्त करना और वह होता है, अंशधारियों की संपत्ति को बढ़ाना। वित्तीय प्रबंधक के संक्रियात्मक रूप में निम्नलिखित लक्ष्य होते हैं

1. लाभों में वृद्धि करना,
2. पूंजी की लागत को कम करना,
3. प्रति शेयर आय या शेयर के बाजार मूल्य में अथवा लाभांश में वृद्धि करना,
4. उत्तोलक (Leverage) को अधिकतम स्तर पर लाना,
5. विनियोजित पूंजी पर प्रत्याय (Return) अधिकतम करना।
6. अंशधारियों की संपत्ति को बढ़ाना।

### शेयरधारियों की संपदा को अधिकतम करना

वित्तीय प्रबंधक का अन्तिम लक्ष्य शेयरहोल्डरों की संपत्ति को बढ़ाना है। जब से मालिक को प्रबंध से अलग किया गया है तथा प्रतियोगिता की दर में बढ़ोतरी हुई है, तब से कम्पनी के लाभों को बढ़ाने के लक्ष्य को पुनः परिभाषित किया गया है। वित्तीय सिद्धांतों के अनुसार कम्पनी का लक्ष्य समता अंशधारियों के अंशों के बाजार मूल्यों को बढ़ाना होता है। इसके पक्ष में तर्क यह है कि ये समता अंशधारी फर्म को शुरू करने के लिए स्वामित्व पूंजी प्रदान करते हैं तथा प्रबंधकों के बोर्ड की स्थापना करते हैं इसलिए वित्तीय प्रबंधक की यह जिम्मेदारी हो जाती है कि वे समता अंशधारियों के हित में सोचें एवं निर्णय लें। अंशों के बाजार मूल्य के अधिकतम होने पर ही अंशधारियों की संपत्ति अधिकतम हो सकती है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रबंधकों को स्वामित्व की मात्रा को ध्यान में रखते हुए कम्पनी के आर्थिक साधनों को बेहतर कार्यों में लगाना होगा।

## निर्णयन प्रक्रिया में जोखिम प्रत्याय समंजन एक निर्देशक कारक के रूप में

### (Risk and Return Trade off as a Guiding Factor in Decision-making)

वित्तीय दृष्टिकोण से किसी भी तरह के निवेश अथवा वित्तीय प्रस्ताव में स्वामित्व या प्रत्याय परस्पर जुड़े होते हैं अर्थात जोखिम व प्रत्याय दोनों साथ-साथ चलते हैं। ऊंची प्रत्याय-दर ऊंची जोखिम को बताती है। स्वामित्व को एक निवेश से लक्षित परिवर्तनशील प्रत्याय-दर के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। अगर हमने मियादी जमा में निवेश किया है, तो इसकी प्रत्याय दर स्थिर तथा आय भी स्थिर होती है, लेकिन अगर हम अंश खरीदते हैं, तो उसका लाभांश निश्चित नहीं होता। प्रत्याय को लाभार्जन अथवा हानि के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो फैसले लेने वालों के द्वारा एक तय समयावधि के बाद व्यवसाय से प्राप्त होने की संभावना की जाती है। एक वित्त प्रबंधक जोखिम को नकार नहीं सकता, लेकिन ज्यादा प्रत्याय-दर की अपेक्षा कर सकता है। अतः उसे जोखिम तथा प्रत्याय के मध्य समंजन स्थापित करना होता है।

### जोखिम एवं प्रत्याय वित्तीयन

जोखिम निवेश के वर्तमान मूल्य को बढ़ाने का दूसरा प्रयास, कोषों के स्रोत को इस तरह से व्यवस्थित करना अथवा अनेक प्रयोग में इस प्रकार लगाना ताकि अनुचित जोखिम न लेकर जोखिम व्यवसाय की आय से ज्यादा से ज्यादा प्रत्याय अर्जित की जा सके। लाभ की दर 10% एवं जोखिम-पूंजी की प्रत्याय-दर 11.25% में जो अन्तर आया है, वह वित्तीय उत्तोलक (Financial Leverage) की वजह से आया है। जिन उत्तोलकों का इनमें इस्तेमाल किया गया है, वे हैं

(1) कुल पूंजी एवं जोखिम पूंजी का अनुपात,

(2) प्रचालन आय का वह भाग जो ब्याज के भुगतान हेतु इस्तेमाल किया गया है।

कुल वित्त एवं जोखिम पूंजी का अनुपात जितना कम होगा, उतना ही वित्तीय उत्तोलक कारक अधिक होगा। इसी प्रकार प्रचालन आय, जिसमें से ब्याज का भुगतान किया गया है, जितना कम होगा, वित्तीय उत्तोलक की दर उतनी ही ज्यादा होगी। परंतु निवल प्रचालन-आय पर कर लगता है। अगर करों का भुगतान करना होता है, तो यह प्रचालन-आय में से ब्याज निकालने के बाद काटा जाता है। ऐसी अवस्था में प्रत्याय-दर अथवा प्रति शेयर आय की राशि, कर भुगतान से पहले प्राप्त होने वाली प्रत्याय-दर से कम हो जाती है। वित्तीय उत्तोलक शेष स्वामियों के प्राप्त अर्जन में उतार-चढ़ाव में वृद्धि कर देते हैं। जब निवल प्रचालन आय में वृद्धि होती है, तो शेष मालिकों की आय की दर तीव्रता से बढ़ जाती है।

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



अगर निवल प्रचालन आय कम हो जाती है, तो शेष स्वामियों की आय तीव्रता से कम हो जाती है। वित्तीय उत्तोलकों के इस्तेमाल से प्रति शेयर लाभ का वितरण सरल हो जाता है। इसलिए प्रत्याय-दर में होने वाली परिवर्तनशीलता के लिए मालिकों द्वारा ज्यादा लाभ प्राप्त करने तथा कम्पनी के दिवालिया हो जाने के मध्य संतुलन रखना चाहिए।

## वित्त कार्यों का संगठन

### (Organisation of Finance Functions)

भिन्न-भिन्न कम्पनियों में वित्तीय कार्यों का संगठन भिन्न-भिन्न होता है। यह संगठन लम्बवत, क्षैतिज अथवा वक्रीय हो सकता है। यह कार्य के अनुसार अथवा विभागों के आधार पर हो सकता है। आमतौर पर कार्य के आधार पर संगठन इस प्रकार होता है




इस संगठन के तहत भिन्न-भिन्न विभागों द्वारा बड़े-बड़े कार्य किए जाते हैं। विभागों में कार्यों का विभाजन विशिषटता के आधार पर किया जाता है इसलिए वित्त प्रबंधक वित्त संबंधी विषयों में कुशल होता है। वह न सिर्फ वित्त विभाग के कार्यों को देखता है, अपितु अनेक विभागों के क्रियाकलापों में तालमेल बनाए रखता है।

## वित्तीय प्रबंधक के समक्ष चुनौतियां

### (Challenges for Financial Manager)

वित्तीय प्रबंधक का प्रमुख कार्य कोषों के उपयोग तथा निवेश की व्यवस्था करना है। विशेष रूप से वित्तीय प्रबंधक को व्यावसायिक परिवेश में आर्थिक एवं वित्तीय कारणों से आने वाले बदलाव के आधार पर कारोबार में बदलाव करना होता है। इसमें सबसे पहला तथा सबसे प्रमुख कार्य अंशों के मूल्य निर्धारण का होता है। अंशधारी चाहे कम संख्या में हों, फिर भी संस्था के लिए महत्त्वपूर्ण होते हैं। अंशधारी न तो कम्पनी के विक्रय में होने वाली बढ़ोतरी से प्रसन्न होते हैं और न ही लागत में होने वाले घाटे से। वे तो अंशधारकों के प्रत्याय में अनवरत बढ़ोतरी से प्रसन्न होते हैं इसलिए वित्तीय प्रबंधक प्रति शेयर आय में बढ़ोतरी पर बल देने के साथ-साथ बाजार पूंजीकरण पर भी ज्यादा ध्यान देता है।

वित्त प्रबंधक के समक्ष दूसरी प्रमुख चुनौती व्यक्ति तथा संस्था दोनों से पैदा होती है। वास्तविक रूप से म्युचूअल फंड परिवेश के वित्तीय वातावरण में एक बदलाव को प्रदर्शित करता है। वित्तीय प्रबंधक की पारंपरिक दक्षता के अलावा निवेशकों में मनोविज्ञान की बेहतर जानकारी एक प्रमुख कुशलता के रूप में उत्पन्न हुई है।

बाजार में अनवरत जोखिम का बढ़ना भी एक प्रमुख चुनौती है। उदाहरणस्वरूप, उदारीकरण, निजीकरण एवं वैश्वीकरण ने व्यावसायिक जोखिम को बहुत ज्यादा बढ़ा दिया है। वित्तीय प्रबंधक के निष्पादन में जोखिम के साथ-साथ प्रत्याय ने भी एक अध्याय शामिल कर दिया है।

वर्तमान में वित्तीय प्रबंधकों के समक्ष नयी चुनौती यह है कि कम्पनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वित्तीय प्रबंधक से यह अपेक्षा करते हैं कि वे ज्यादा चुस्त-दुरुस्त दिखाई देने चाहिए। उनमें अन्त:व्यक्तिगत संचार योग्यता तथा संगठनात्मक जानकारी समुचित मात्रा में हो तथा वे यह योग्यता अनवरत बनाए रखें। चुस्त होने का अर्थ तार्किक व्यक्तित्व एवं ज्ञान से है।

वित्तीय प्रबंधक से यह भी आशा की जाती है कि वे कैसे समुचित प्रयास करें, जिससे उनकी निष्पादन क्षमता, उनकी योग्यता कायम रहे ताकि बाह्य अंशधारियों को वे पर्याप्त जानकारी प्रदान कर सकें तथा उन्हें संतुष्ट कर सकें। आय के परिवर्तित तीव्र प्रौद्योगिकी मानकों में बदलाव, बहुराष्ट्रीय कम्पनियों तथा व्यापक स्तर पर विनियोग, एकीकरण अभियान तथा व्यापक स्तर पर उत्पादों के वर्गीकरण ने वित्तीय प्रबंधक की जरूरत को और भी ज्यादा बढ़ा दिया है।

## बोध प्रश्न

**प्रश्न 1. वित्तीय प्रबंध क्या है?**

**उत्तर** वित्तीय प्रबंध का संबंध प्रमुख आर्थिक साधनों तथा पूंजीगत वित्त के उचित इस्तेमाल से होता है। यह वित्त के इस्तेमाल तथा समायोजन में आने वाली चुनौतियों का अध्ययन है। इसको विस्तारपूर्वक इस प्रकार परिभाषित किया जा सकता है कि यह वित्त के नियोजन, एकत्रण, नियंत्रण तथा व्यवस्था करने की क्रिया है।

**प्रश्न 2. वित्तीय प्रबंध के कार्यों की सूची बनाएं।**

**उत्तर** वित्तीय प्रबंध का प्रमुख कार्य कोषों का नए एवं प्रचलित उपयोगों में सहमति एवं पुनर्सहमति के फैसले का पुनरावलोकन तथा नियंत्रण करना है। वित्तीय प्रबंध में वित्त की उपलब्धता के अलावा उत्पादन, विपणन एवं अन्य कार्यों से संबंधित एक कम्पनी के बारे में फैसले लिए जाते हैं तथा

www.neerajbooks.com